wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-90 | सागवाड़ा, सोमवार, 29 नवम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**डूंगरपुर।** जिले की महावीर इंटरनेशनल संस्था की ओर से जिला अस्पताल के पास संस्था के परिसर में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महावीर इंटरनेशनल संस्था के अध्यक्ष पृथ्वीराज जैन सहित अन्य पदाधिकारी व भामाशाहो ने भाग लिया। समारोह में संस्था की ओर से दिव्यांग क्षेत्र में सहयोग करने वाले विभिन्न भामाशाहो का सम्मान किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष पृथ्वीराज जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की ओर से किये जा रहे समाज सेवा के कार्यो की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की संस्था की ओर से दिव्यांग जनों की मदद के लिए सहायता शिविर लगाए जाते है जिसमे दिव्यांगजन को जयपुर फुट, केलिपर, ट्राई साइकिल, बैसाखी, व्हील चेयर, स्टिक, इयर मशीन का वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया की अब तक शिविरों के माध्यम से 276 दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है। वही इस मौके पर उन्होंने कहा की ये सब भामाशाहो के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

## एक लाख रुपये की लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**चितरी।** एक लाख रुपये लूट के प्रकरण में चितरी पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि गीता पत्नी शंकरलाल सरपोटा निवासी मालनिया, पुलिस थाना चितरी 24 नवंबर दी रिपोर्ट में बताया कि उसी दिन ग्यारह बजे उसके भतिजे गोविंद के साथ मोटरसाईकिल से मोडासा अपने पुत्र के इलाज के एक लाख रूपये लेकर जा रही थी। मईडा मार्बल के पास मोटरसाईकिल लेकर रमेश पिता बंशी, रामुडी पत्नी बंशी व एक अन्य व्यक्ति जिसका वह नही पहचानती उसके पास आए। और मोटर साईकिल को रूकवाई जबरन उसका पर्स उक्त तीनो ने छीन कर एक लाख रूपये आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लूट कर भाग गये। दर्ज प्रकरण पर जांच शुरू की गई। रमेश पिता लक्ष्मण डेण्डोर मीणा उम्र 33 वर्ष निवासी लिम्बोड छोटी, रामु उर्फ रामुडी पत्नी बंशीलाल नायक निवासी चितरोडीया थाना गढी जिला बांसवाडा और रामु पारगी निवासी लिम्बोड छोटी थाना सागवाड़ा को गिरफतार किया गया।



## कांकरी डूंगरी उपद्रव में फरार 8 आरोपियों को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर।** जिले में एक साल पहले नेशनल हाइवे 48 पर कांकरी डूंगरी उपद्रव में फरार 8 आरोपियों को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिसमें उपद्रव में शामिल ओर लोगों के नाम भी सामने आ सकते है। शिक्षक भर्ती 2018 में टीएसपी क्षेत्र में रिक्त सामान्य वर्ग की 1167 पदों को एसटी वर्ग से भरने की मांग को लेकर एक साल पहले 24 से 27 नवंबर तक एनएच 48 कांकरी डूंगरी उवद्र्व हुआ था। उपद्रव में हाइवे जाम कर आगजनी, पुलिस पर पथराव, लूटपाट की वारदातें हुई थी। उपद्रव के बाद पुलिस आरोपियों की धरपकड़ कर रही थी, लेकिन कई उपद्रवी घटना के बाद फरार हो गए। उनकी तलाश के लिए सदर थानाधिकारी हजारीलाल, एसआई राजेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल जयसिंह, कांस्टेबल मोहनपालसिह, प्रकाशचंद्र व मणीलाल की टीम छानबीन कर रही थी।

थानाधिकारी ने बताया कि भुवाली, मोतली मोड़, बिछीवाड़ा, शामलाजी, खेरवाड़ा, बावलवाड़ा, केशरियाजी समेत अलग-अलग ठिकानो से 8 लोगों को पकड़ा है।

उपद्रव में लिप्त अजय (23) पुत्र हीरालाल डामोर मीणा निवासी पालवडा, मुकेश (28) पुत्र जीवा डामोर निवासी भुवाली फला माताजी, चेतनलाल (21) पुत्र बाबूलाल डामोर, नारायण (30) पुत्र शंकर डामोर, कारीलाल (45) पुत्र वाला डामोर, रामलाल (36) पुत्र वीरजी डामोर, गिरधारीलाल (40) लेम्बाजी डामोर मीणा निवासी भुवाली को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस उपद्रव में शामिल अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## काब्जा के भट्ट को राष्ट्रीय स्तर दिव्यांग रत्न पुरस्कार से नवाजा जायेगा

**डूंगरपुर।** श्री स्वामिनारायण मंदिर वडताल मे 3 दिसम्बर 2021 को विश्व दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर दिव्यांग सम्मान समारोह मे गुजरात के राज्यपाल महोदय के द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कृत हिमेश कुमार भट्ट काब्जा को शैक्षिक, सामाजिक, दिव्यांगता के क्षेत्र मे सरहानीय, प्रेरणादायी कार्य करने पर दिव्यांग रत्न पुरस्कार से नवाजा जायेगा जिसमें नगद राशि शिल्ड,मेडल ,प्रशस्ति पत्र, प्रतिक चिन्ह,शॉल प्रदान कि जायेगी इस कार्यक्रम भट्ट वार्ता प्रस्तुत करगे भट्ट पुर्ण रूप से दिव्यांग है दिव्यांगता को अपनी कमजोरी नही मानते हुए कई उत्कृष्ट कार्य किये इन कार्यो पर कई बार राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तर पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है इस



कार्यक्रम मे दिव्यांगजन कुरीचंद कलाल देवल, हरीश डी.पांडे बोडीगामा छोटा, प्रियंका भट्ट गाम गोरणी काब्जा, दिप्ती एस.पण्डया पिंका, दिपीका पाटीदार चिखली, प्रकाश चन्द्र पंचाल माल, माधु सिंह पचलासा बडा, सुरेश ललित पटेल सागवाडा, वीरभद्र सिंह, संतोष यादव ठाकरडा को पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा

## जल संसाधन एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना मंत्री मालवीया 1 दिसम्बर को जिले के दौरें पर

**डूँगरपुर।** जल संसाधन एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग, राजस्थान सरकार के मंत्री महेन्द्र सिंह मालवीया का 01 दिसम्बर को जिले में दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिला कलक्टर सुरेश कुमार ओला ने बताया कि 1 दिसम्बर को प्रात: 09.00 बजे गलियाकोट पहुंचेंगे, गलियाकोट में शीतलामाता मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। फखरूद्दीन दरगाह में दर्शन करेंगे। डूंगरपुर जिले में बडगी होते हुए चिखली, सीमलवाड़ा, चारवाड़ा, डूंगरपुर, दोवड़ा, पूनाली, पूंजपुर, जोगपुर, गलियाकोट में स्थानीय कार्यकताओं के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि समस्त उपखण्ड अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मंत्री के जिले में आगमन से प्रस्थान तक प्रोटोकॉल का कार्य सम्पादित करेंगे।

## पैसा कमाना ही सब कुछ नहीं है साख बनाना महत्वपूर्ण है जो सेवा करने से ही बन सकती है- सीबीईओ खांट

**सागवाड़ा।** ब्लॉक सागवाड़ा के अधिनस्त समस्त निजी शिक्षण संस्थान प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की वार्षिक प्रशासनिक समीक्षा बैठक आज मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पु. को. सागवाड़ा स्थित सभा कक्ष में सीबीईओ भेमजी भाई खांट के मुख्यातिथ्य में तथा एसीबीईओ प्रदीपसिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विशिष्ठ अतिथि निजी शिक्षण संस्थान एसोसिएशन के सचिव उमेश पण्ड्या, उपाध्यक्ष निर्भयसिंह चौहान, प्रवक्ता नीरज कुमार शर्मा तथा महिला प्रतिनिधि शिला सोनी थी। स्वागत नगर नोडल प्रभारी महिपाल प्रधानाचार्य वेलचन्द पाटीदार सागवाड़ा ने किया। बैठक के प्रारम्भ में सीबीईओ भेमजी भाई खांट ने निजी शिक्षण संस्थानों के संस्थाप्रधानों, संचालकों तथा प्रबन्धकों को प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि पैसा



कमाना ही सब कुछ नहीं है साख बनाना महत्वपूर्ण है जो सेवा करने से ही बन सकती है। राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी कोविड-19 गाईड लाइन की विद्यालय में अक्षरश: पालना करने को कहा। एसीबीईओ चौहान ने सभी निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों से आर.टी.ई. पत्रावली नियमानुसार संधारण कर सत्यापन दल को प्रस्तुत करने हेतु निर्देश प्रदान किये। बैठक में समस्त निजी विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 वीं तक कक्षावार, सेक्शनवार, वर्गवार, संकायवार एससी, एसटी, ओबीसी, एसबीसी, अल्पसंख्यक व सामान्य छात्रों के नामांकन की जानकारी ली गई। वक्ताओं ने सागवाड़ा ब्लॉक में श्रेष्ठ ऑनलाइन, ऑफलाइन शिक्षण कार्य, नामांकन, हरियालो राजस्थान, विद्यालय रंगरोगन, अनुशासन, नवाचारों की प्रशंसा की। बैठक में सागवाड़ा ब्लॉक के 65 निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों ने भाग लिया। आभार वशाशि हरिशचन्द्र पाटीदार गामड़ा ब्राह्मणिया ने व्यक्त किया। बैठक में लवजी पाटीदार, प्रमोद भट्ट, राजीव मिश्रा, पंकज उपाद्याय, संजीव शर्मा, ईश्वरलाल सोवडा आदि उपस्थित थे।

## पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक 6 दिसम्बर को

**डूँगरपुर।**।महात्मा गांधी नरेगा योजना, आवास योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक 06 दिसम्बर सोमवार को प्रात: 11.00 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला परिषद के ईडीपी हॉल में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजली राजोरिया ने बताया कि बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजना, आवासीय योजनाएं, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, महात्मा गांधी जनभागीदारी विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मुख्यमंत्री नवाचार निधि योजना, सांसदध्मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबर्न मिशन योजना, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर नरेगा, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास में दर्ज लम्बित प्रकरणों पर चर्चा एवं प्रशासन गांवों क संग अभियान के अन्तर्गत नरेगा, पीएमएवाई, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसएफसी, एफएसफसी की प्रगति, अनटाईड फण्ड, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, किसान सेवा केन्द्र, विलेज मास्टर प्लान एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

## शिक्षको की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा कर्मचारी विकास का स्तंभ होता है- पालिकाध्यक्ष खोड़निया

### राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ का जिला अधिवेशन आयोजित





**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ का जिला अधिवेशन पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया अध्यक्षता संयुक्त कर्मचारीमहासभा जिला अध्यक्ष धनेरेश्वर पंड्या रहे वही विशिष्ट अतिथि हरीश अहारी जिला उपाध्यक्ष ललित पंचाल दिलीप शर्मा नूर मोहम्मद शेख सुभाष रोत वीरभद्र सिंह सिंह मंडल थे। स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष देवीलाल पाटीदार ने दिया प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने एनपीएस समस्या व कर्मचारी कॉलोनी स्थापित करने की मांग की मुख्य अतिथि नरेंद्र खोड़निया ने कहा कि शिक्षक की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा कर्मचारी विकास का स्तंभ होता है कर्मचारी के हितों की रक्षा के लिए हमारा सहयोग रहेगा । ललित पंचांग ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

जिला परिषद सदस्य ने जिला परिषद संबंधी सभी समस्याओं का निस्तारण की बात कही वही कार्यक्रम को दिलीप शर्मा नूर मोहम्मद शेख प्रहलाद सिंह चौहान आदि ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारी कौशल्या देवी रामचंद्र जी जोशी प्रहलादसिंह चौहान का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया कार्यक्रम के अंत में जिला मंत्री महेश पाटीदार द्वारा एनपीएस पर कविता पढ़ी गई पलाश जैन द्वारा महात्मा गांधी विद्यालय पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में जयप्रकाश भरड़ा, हितेश शाह, जगदीश, रजनीकांत भट्ट द्वारा ईश वन्दना की। कार्यक्रम का संचालन कांतिलाल पाटीदार ने किया

## शिक्षक संघ सियाराम का शैक्षिक अधिवेशन शुरू



**सागवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जिला डूंगरपुर का जिला अधिवेशन रामद्वारा सागवाड़ा में शुरु हुआ। जिला मंत्री अशोक गामोट ने बताया कि मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया थे। हेमेंद्र उपाध्याय, ललित पंचाल, प्रांतीय महामंत्री सुभाषचंद्र भट्ट, जिला संरक्षक महेंद्र पानेरी, प्रांतीय उपाध्यक्ष विष्णुजी कटारा, जिला अध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय, अनिता पण्ड्या, जिला महिलामन्त्री भारती पण्ड्या मंचासीन रहे। जिलाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय ने स्वागत करते हुए संघठन के विधि विधान व कार्यक्षेत्र के बारे जानकारी दी। प्रांतीय महामंत्री श्री सुभाषजी भट्ट ने संघठन का शिक्षा, शिक्षक व शिक्षार्थी के समाज व राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से उल्लेख किया।

प्रांतीय उपाध्यक्ष विष्णु कटारा ने संघठन की सदस्यता व शिक्षक हित में किये कार्यो को सराहना की। जिलामंत्री अशोक गामोट ने संघठन के आगामी वर्ष की योजना व प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। न्हीं बालिका जूही एच भट्ट ने नारी शक्ति पर कविता कार्यक्रम में प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के दौरान दीपक कलाल,दीपक चौबीसा, विकाश मेहता, नारायणजी, गौतमलाल रोत, मनोज पण्ड्या, हीरालाल खटीक, अशोक रोत, हीरालाल गमेती, शिवशंकर पाटीदार, नवनीत पण्ड्या ने सम्बोधित किया।

जिला उपाध्यक्ष श्री हरिओम पंचाल ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन मनमोहन चौबीसा ने किया।

## संपर्क पोर्टल लम्बित प्रकरणों को निस्तारण कर रिर्पोट देने के निर्देश

### सोमवार साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**डूंगरपुर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का त्वरित कार्यवाही करते हुये निस्तारण करने तथा रिपोर्ट करने के निर्देश प्रदान किये है। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में संपर्क पोर्टल प्रगति की समीक्षा करते हुये दिये। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने मोबाइल पर सम्पर्क पोर्टल ऐप डाऊनलोड कर स्वयं दर्ज प्रकरणों को देखने, अपडेट रहने तथा त्वरित कार्यवाही करते हुये निस्तारण करने हेतु पाबंद किया। उन्होंने दर्ज प्रकरणों को तय सीमा अवधि में निस्तारित करने तथा जिस स्तर पर पेंडेंसी हो, उस स्तर पर अवगत कराते हुये समाधान करने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही प्रकरण अधीनस्थ का हो तो उन्हें स्थानांतरित करवाकर समय पर निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये। बैठक में बजट घोषणा कार्यो की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बजट घोषणा वितीय वर्ष की समय पर पूर्ण कर पालना करते हुये व प्रगति रिपोर्ट समस्त विभागों से ली गई। जो कार्य प्रारंभ होने है, उनकी स्वीकृतियां नियमानुसार जारी करवाने हेतु प्रक्रिया करने के लिये भी निर्देशित किया।

बैठक में शिक्षा विभाग को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की योजना बनाते हुये कार्यक्रम रूपरेखा बनाने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही पीसीपीएनडीटी, कैरियर गाइडेन्स, बाल विवाह निषेध, पोक्सो अधिनियम की कार्यशाला हेतु प्रत्येक ब्लॉक से 20 राजकीय विद्यालयों का चयन करने तथा बालिकाओ में बढ़ती हुई आत्महत्या रोकथाम कॉउंसलिंग जागरूकता कार्यक्रम हेतु पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुये स्टिकर, पेम्पलेट चिल्ड्रन हेल्प लाइन 1098, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं लोगो-बालिका योजना हेतु महिला अधिकारिता विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुये राष्ट्रीय बालिका दिवस दिवस पर कैरियर कॉउंसलिंग हेतु व अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों को संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय जिला शैक्षिक अधिवेशन का शुभारंभ





**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित डाईट परिसर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय का दो दिवसीय जिला शैक्षिक अधिवेशन आज से शुरुआत हुई। शैक्षिक अधिवेशन के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सूर्या अहारी रही वही नगरपरिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ सहित अन्य अतिथियो व संघ से जुड़े शिक्षको ने भाग लिया। अधिवेशन को अतिथियों ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा की शिक्षक समाज का आइना होता है और शिक्षक ही समाज को नई दिशा देता है।

उन्होंने शिक्षको से स्कूलों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पथ प्रदर्शक बनते हुए बच्चो को गुणवतापूर्ण शिक्षा देने का आव्हान किया।

इधर इस मौके पर समारोह में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से सेवानिवृत शिक्षको और ब्लोक से लेकर राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षको को सम्मानित किया। वही शैक्षिक अधिवेशन में शिक्षा जगत की गंभीर एवं सारगर्भित परिचर्चा, वर्तमान परिवेश में शिक्षा व शिक्षक के समक्ष आने वाली चुनोतियो पर मनन, सरकार की शिक्षा नीतियों पर विचार विमर्श कर सहभागी बनने व अपना योगदान सुनिश्चित करने व शिक्षको की विभिन्न समसयाओ के सम्बन्ध में चर्चा की गई।